# साकार होगी विकास की आस, 2 से 4 लेन होगा सिंहस्थ बाईपास

**गाजियाबाद की जेएसपी कंपनी को मिला टेंडर**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे भूमि पूजन**

**कुम्भ मेला क्षेत्र में जाने के लिए होगा सबसे उपयोगी मार्ग**

नव भारत न्यूज

**उज्जैन.** सिंहस्थ मेला क्षेत्र में जाने के लिए टू लेन सड़क को फोरलेन में तब्दील किए जाने को लेकर जो टेंडर एमपीआरडीसी ने जारी किया था वह खुल चुका है और गाजियाबाद की कंपनी को यह निर्माण कार्य करना है. इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सड़क का भूमि पूजन करेंगे, जल्द ही तिथि तय की जाएगी.

आगामी सिंहस्थ महाकुंभ 2028 के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में विकास कार्यों को गति मिलने लगी है. उज्जैन सिंहस्थ महाकुंभ के दौरान आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण चिंतामण बायपास मार्ग को 2 लेन से 4 लेन में बदलने की परियोजना को हरी झंडी मिल गई है. 430 करोड़ की लागत से बनेगा यह मार्ग.

**19 किलोमीटर का होगा फोरलेन**–यह फोरलेन सड़क शांति पैलेस चौराहे से शुरू होकर उज्जैन–




जावरा मार्ग (आगर रोड) तक, कुल 14 किलोमीटर की दूरी तक बनेगी. यह टोटल 19 किलोमीटर की फोरलेन सड़क बनेगी.

**5 किमी ग्रीन फील्ड मार्ग**–नवभारत से चर्चा में एमपीआरडीसी के महाप्रबंधक विजय सिंह ने बताया कि शांति पैलेस चौराहे से सिंहस्थ बायपास मार्ग को भैरवगढ़ से ग्राम सुरासा तक फोरलेन किया जाएगा, सड़क की कुल लंबाई 14 से बढ़कर लगभग 19 किलोमीटर हो जाएगी. भैरवगढ़ से ग्राम सुरासा के समीप सड़क समाप्त होगी. इसमें 5 किमी ग्रीन फील्ड मार्ग का निर्माण भी प्रस्तावित है.



**2016 में टू लेन बनी थी सड़क**–बीते सिंहस्थ 2016 में इस बायपास मार्ग का निर्माण किया गया था, यानी तब ये सड़क 2 लेन बनी थी इसे अब फोर लाइन में तब्दील किया जा रहा है. कुल मिलाकर 12 साल में सिंहस्थ के समय शहर का जो विकास होता है और वह सौगात अब मिलना प्रारंभ हो गई है.

**संत, श्रद्धालु और आम लोगों को फायदा**–संतों, श्रद्धालुओं और स्थानीय रहवासियों को इस मार्ग के टू लेन से फोरलेन होने से मिलेगा बड़ा फायदा होगा।यह फोरलेन न केवल महाकुंभ के दौरान, बल्कि उज्जैन के रोजमर्रा के जीवन में भी क्रांति लाने वाला है.

**सीधे मेला क्षेत्र में पहुंचेगी यह सड़क**–कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के अनुसार यह फोरलेन महाकुंभ के आयोजन के लिए अत्यंत उपयोगी होगा. सिंहस्थ के दौरान देश-विदेश से आने वाला अधिकतर क्राउड इसी मार्ग से सीधे मेला क्षेत्र पहुंचेगा. फोरलेन हो जाने से यातायात प्रबंधन आसान होगा और श्रद्धालुओं को जाम से मुक्ति मिलेगी. दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं और संतों के काफिलों का आवागमन तेज और सुरक्षित हो जाएगा,

> **स्थानीय विकास और कनेक्टिविटी**
>
> यह मार्ग नानाखेड़ा, जीवनखेड़ी, सांवराखेड़ी, कालियादेह, सुरासा समेत 12 से अधिक ग्रामों को जोड़ता है. इन ग्रामों के स्थानीय रहवासियों को शहर तक आने-जाने में सुविधा होगी और उनके व्यापार-व्यवसाय को गति मिलेगी.
>
> **इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत**:मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में यह परियोजना बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी, जिससे शहर को विश्वस्तरीय पहचान मिलेगी.

## एक नजर में



### केबीसी : हॉट सीट पर पहुंची कविता पारखे

**बैतूल.** जिले की होनहार बेटी कविता पति कमल पारखे ने अपनी लगन और मेहनत से सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट तक पहुंचकर बैतूल जिले का नाम राष्ट्रीय मंच पर रोशन कर दिया। कौन बनेगा करोड़पति का एपिसोड आज 24 नवंबर और 25 नवंबर 2025 को रात 9 बजे सोनी चैनल पर प्रसारित किया जाएगा। इस शो में कविता अमिताभ बच्चन के साथ हॉट सीट पर नजर आएंगी। कविता पारखे पिछले 9 वर्षों से केबीसी में आने की तैयारी कर रही थीं।

### संवेदनशील घाटों पर 3 हजार जवान होंगे तैनात

**उज्जैन.** उज्जैन में सिंहस्थ महापर्व के दौरान पवित्र शिप्रा नदी के सात किलोमीटर के संवेदनशील घाटों पर दो हजार 730 जवान 3 शिफ्ट में तैनात किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है. जिला कमांडेंट होमगार्ड द्वारा सिंहस्थ महापर्व के अंतर्गत किए जाने वाले इनफ्रास्ट्रक्चर, मेन पावर और प्रशिक्षण के बारे में बताया गया कि सिंहस्थ में छह हजार 510 होमगार्ड तैराक, 1700 होमगार्ड जवान मजिस्ट्रेट व्यवस्था, 1000 होमगार्ड जवान प्रशासनिक ट्रेफिक व्यवस्था और 790 होमगार्ड जवान क्युआरटी रिजर्व में तैनात किए जाना प्रस्तावित हैं.

### 4282 रुपए पहुंचा सोयाबीन का मॉडल रेट

**भोपाल.** भावांतर योजना 2025 के तहत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 24 नवंबर को 4282 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है. रविवार 23 नवंबर को भी यही रेट जारी हुआ था. यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है. इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी. मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है. सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था. राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी.

# बदमाशों ने 10 मिनट में चलाई 25 गोलियां

- सराफा व्यापारी को टारगेट कर की अंधाधुंध फायरिंग
- शहरी बदमाश कपिल यादव के साथियों पर शक

नव भारत न्यूज

**ग्वालियर, 24 नवंबर. उपनगर मुरार के सदर बाजार में आज सोमवार दोपहर बाद नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दहशत फैला दी।**

बाइक से आए बदमाशों ने हवा में पिस्तौल और कट्टे लहराते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग की। सर्राफा कारोबारी महावीर जैन की दुकान



को टारगेट कर गोलियां चलाई गईं। चार गोलियां दुकान में लगी जबकि तीन से चार गोलियां आसपास की दुकानों में लगी हैं। बताया गया है कि पुलिस ने सोमवार सुबह शॉर्ट एनकाउंटर में जिस बदमाश कपिल यादव को गोली मारकर पकड़ा था, उसके पिता और अन्य रिश्तेदारों ने व्यापारी को धमकाया था। बदमाश के परिजनों को कहना था कि पूरा शॉर्ट एनकाउंटर सर्राफा व्यापारी महावीर जैन के इशारे पर हुआ है।

> फिलहाल पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों की पहचान कर पूरे शहर में नाकाबंदी कर दी है। गोलीबारी के बाद बाजार में दहशत का माहौल व्याप्त है। व्यापारियों ने दुकान बंद कर प्रदर्शन किया। घटना की सूचना मिलते ही एसपी ग्वालियर धर्मवीर सिंह, एसपी अनु बेनीवाल सहित आधा सैकड़ा पुलिस अधिकारी ऑफिसर सदर बाजार पहुंचे। पुलिस ने व्यापारियों को समझाकर माहौल को शांत किया।



# शॉर्ट एनकाउंटर में पकड़ा शातिर शहरी बदमाश

**ग्वालियर, 24 नवंबर. शातिर शहरी बदमाश कपिल यादव निवासी बड़ागांव को सोमवार सुबह पुलिस ने शार्ट एनकाउंटर में दबोच लिया। घटना सुबह 6 बजे के करीब की है।**

उससे कुछ घंटे पहले बदमाश का एक साथी गोला का मंदिर में पकड़ा गया दोनों से तमंचे और कारतूस मिले हैं। पुलिस ने बताया कि पिछले कुछ समय से सिर उठा रहे बदमाश कपिल यादव से पुलिस का बंधोली, मुरार के जंगल में एनकाउंटर हो गया। उससे कुछ देर पहले बदमाश का साथी अमन यादव भी गोला का मंदिर इलाके में पुलिस के हाथ आया था। उसने पूछताछ में खुलासा किया कपिल यादव सुबह ठिकाना बदलेगा। जिस रुट से कपिल को निकलना था कपिल ने उसका ब्यौरा भी बता दिया ।पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 6.10 बजे कपिल यादव बाइक से बंधोली के जंगली रास्ते से निकला, पुलिस ने यहां घेरा डाल रखा था। पुलिस को रास्ते में देखकर कपिल ने गोली चलाकर भागने का प्रयास किया तो पुलिस टीम ने उस पर फायर किया। गोली कपिल के पैर में लगी तो वह जख्मी होकर गिर पड़ा।

> **ये बड़ी वारदातें की थीं...**
>
> मुरार के कपड़ा कारोबारी की बड़ागांव में जमीन पर कब्जा करने के लिए कपिल यादव और उसके साथियों ने कपड़ा कारोबारी और उसके बेटे पर गोलियां चलाईं थीं। इसके अलावा चार दिन पहले बडागांव में रामजानकी मंदिर की जमीन पर कब्जा करने के लिए पूरन सिंह भदौरिया और उनके भाई पर कातिलाना हमला किया था।
>
> **एसएसपी ने बताया...**
>
> ग्वालियर एसएसपी धर्मवीर सिंह यादव ने बताया कि बदमाश से सुबह बंधोली के रास्ते में एनकाउंटर में हुआ है। उसके पैर में गोली लगी है । फिलहाल उसे इलाज के लिए भर्ती कराया है। उससे अपराधों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# फर्जी आधार केंद्र चलाने वाला गिरफ्तार

## क्लोन बायोमेट्रिक से करता था अवैध अपडेट

**बालाघाट,24 नवम्बर. जिले की पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो बिना पंजीयन के फर्जी आधार केंद्र का संचालन कर बायोमेट्रिक कूटरचित कर अवैध आर्थिक लाभ कमा रहा था.**

आरोपी की पहचान मोहसीन खान, निवासी हीरापुर, भरवेली के रूप में हुई है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निहित उपाध्याय, सीएसपी वैशाली कराहलिया एवं भरवेली थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से आयोजित पत्रकारवार्ता में मामले का खुलासा किया. एएसपी उपाध्याय के अनुसार, मोहसीन खान द्वारा ईएमपीएस आधार अपडेशन प्रणाली का दुरुपयोग किया जा रहा था. आरोपी लाइसेंसधारी ऑपरेटरों



की फर्जी बायोमेट्रिक क्लोन तैयार कर उनके नाम से अवैध रूप से आधार अपडेट का कार्य कर रहा था. शिकायत प्राप्त होने पर आरोपी के खिलाफ धारा 336(3), 341(2), 342(1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस के अनुसार, आरोपी भरवेली बस स्टैंड स्थित अपने कियोस्क सेंटर से विभिन्न स्थानों के आधार अपडेशन मशीनों को गलत तरीके से संचालित कर रहा था.

# 8 दिसंबर को कनाड़िया से निकलेगी किसान न्याय यात्रा व ट्रैक्टर रैली

**इंदौर.** आउटर रिंग रोड, ग्रीन फील्ड कॉरिडोर और इंदौर-बुधनी एवं इंदौर-मनमाड़ रेलवे लाइन से प्रभावित किसानों ने अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर आंदोलन तेज कर दिया है. कांग्रेस पदाधिकारियों की अगुवाई में किसानों द्वारा 8 दिसंबर को ग्राम कनाडिया से किसान न्याय यात्रा व ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी. रैली सुबह 10 बजे शुरू होगी.

किसानों का कहना है कि प्रदेश में कांग्रेस शासनकाल के दौरान लागू 2013 का भूमि अधिग्रहण कानून फिर से लागू किया जाए और मौजूदा परियोजनाओं में किसानों को नुकसान पहुंचाने वाले प्रावधान खत्म हों. सांवेर क्षेत्र के किसानों ने साफ कहा है कि आउटर रिंग रोड और ग्रीन फील्ड कॉरिडोर जैसे किसान विरोधी प्रोजेक्ट रद्द किए जाएं. किसान नेता हंसराज मंडलोई ने बताया कि रैली का नेतृत्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल करेंगे, जबकि सांवेर विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय राठौर 'बंटी' इसमें अग्रणी भूमिका में रहेंगे.

उन्होंने बताया कि यात्रा कनाडिया से शुरू होकर बेगमखेड़ी, खत्रीखेड़ी, बुराणाखेड़ी, बड़ौदा, दौलत, सेमलिया, चाऊगडिया, छोटी खुड़ेल, खिमाणा और रमजानखेड़ी से होते हुए तहसील मुख्यालय खुड़ेल पहुंचेगी. वहां किसानों और कांग्रेस नेताओं की सभा के बाद अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा.

# ग्राम पंचायतों की अवैध कॉलोनियों पर लगे रोक

**कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंत्री विजयवर्गीय की नसीहत**

**ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का इंटीग्रेटेड प्लॉन करेंगे तैयार**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 24 नवंबर. नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश के सुनियोजित विकास के लिये शहरी क्षेत्र से जुड़ी ग्राम पंचायतों के विकास पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है.**

ग्राम पंचायतों की अवैध कॉलोनियां जनता के लिये समस्या बन जाती हैं. इन पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए. मंत्री विजयवर्गीय सोमवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में पंचायत प्रतिनिधियों एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारियों की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने पंचायत पदाधिकारियों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति सजग रहने की बात कही. उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत किये जा रहे कार्यों की जानकरी दी. सत्र में शहरी क्षेत्र से लगी ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने सुझाव रखे.



विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 को लेकर विकसित भारत की कल्पना की है. हम उनकी कल्पना को प्रदेश में तभी सकार कर सकेंगे जब हम ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का इंटीग्रेटेडप्लान तैयार करेंगे. मंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में बढ़ती आबादी शहरों के साथ ही इनके आसपास की ग्राम पंचायतों को भी प्रभावित करती है. उन्होंने बताया कि एक अनुमान के अनुसार प्रदेश में 32 प्रतिशत शहरी आबादी है, जो आने वाले समय में बढ़ कर करीब 50 प्रतिशत तक हो जायेगी.

> **निजी भागीदारी को करें प्रोत्साहित**
>
> शहरी क्षेत्र से जुड़ी नगरीय निकायों में विकास कार्यों में प्रायवेट-पब्लिक पार्टनरशिप मॉडल को प्रोत्साहित किया जाये. इस प्रक्रिया में हम सीएसआर फंड का भी उपयोग किया जा सकता है. उन्होंने पंचायत पदाधिकारियों को ग्राम पंचायत में स्वच्छ वातावरण के लिये ग्राम और शहर वन को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताई. बैठक में आश्रय निधि के उपयोग किये जाने पर भी जोर दिया गया. कार्यक्रम में बेहतर मास्टर प्लान के साथ आदर्श गांव के विकास के मॉडल की प्रस्तुति दी गई

# सुबह और रात में ठंड का असर तेज

**28 नवंबर तक साफ रहेगा मौसम**

**भोपाल, 24 नवंबर. नवंबर के आखिरी हफ्ते में एक फिर मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है. सोमवार को प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में बादलों का डेरा रहा. भोपाल में हल्की धूप के साथ ठंडक बनी रही रही।**

मौसम विभाग ने कहा कि 28 नवंबर तक मौसम साफ रहेगा। फिलहाल बारिश होने का अनुमान नहीं है। दूसरी ओर रात के पारे में 1 से 2 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। सुबह और रात में ठंड का असर तेज रहेगा। इसलिए ठंड से बचने की एडवाइजरी जारी की गई है। अगले 5 दिन तक प्रदेश में शीतलहर का अलर्ट तो नहीं है, लेकिन वेस्टर्न डिस्टरबेंस और लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) की वजह से दक्षिणी हिस्से में बादल छाए रह सकते हैं। यदि सिस्टम ज्यादा प्रभावी रहा तो बूंदाबांदी भी हो सकती है।



भोपाल में ठंड का दौर बरकरार है और तापमान 9.4 डिग्री रहा। इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी की रात सबसे ठंडी रही। यहां तापमान 5.6 डिग्री दर्ज किया गया.

**निशाना** दुष्कर्म मामले पर कांग्रेस का सरकार पर हमला, कांग्रेस समिति के अध्यक्ष पटवारी ने कहा

# गौहरगंज में हुई घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोरा

विशेष संवाददाता

**भोपाल,24 नवम्बर. मध्य प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रायसेन जिले में छह वर्षीय बच्ची से हुए भयावह दुष्कर्म पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है. उन्होंने इस घटना को सिर्फ एक बच्ची के खिलाफ अपराध नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल बताया.**

पटवारी ने कहा कि भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के गौहरगंज में हुई यह घटना पूरे प्रदेश को झकझोर देने वाली है, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी फरार है. यह स्थिति मुख्यमंत्री



मोहन यादव के प्रशासनिक तंत्र की भारी नाकामी और कानून-व्यवस्था की डरावनी हकीकत को उजागर करती है.

अपराध के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश आज महिलाओं और बच्चियों पर अत्याचारों का हॉटस्पॉट बन चुका है. प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 22 दुष्कर्म दर्ज होते हैं, जिनमें लगभग सात मामले नाबालिगों से जुड़े होते हैं. यहां तक कि पांच वर्ष से कम आयु की बच्चियाँ भी ऐसे जघन्य अपराधों का शिकार हो रही हैं. यह स्थिति बेहद शर्मनाक है, जबकि सरकार मौन दर्शक बनी हुई है.

उन्होंने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी, कठोरतम धाराओं में प्रकरण दर्ज करने और फास्ट-ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग की. साथ ही पीड़िता के परिवार को आर्थिक सहायता, उचित इलाज और सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी बात कही. पटवारी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को लेकर अपनी उदासीनता नहीं छोड़ती, तो कांग्रेस जनता के साथ मिलकर प्रदेशभर में व्यापक जन आंदोलन छेड़ेगी.

> पटवारी ने कहा कि प्रदेश में कानून का भय समाप्त हो चुका है क्योंकि प्रशासन ईमानदारी और गंभीरता से काम नहीं कर रहा. मुख्यमंत्री स्वयं विधि विभाग का प्रभार संभाले हुए हैं, फिर भी न्याय और जनता की सुरक्षा अंतिम सांसें लेती हुई दिखाई दे रही है. उन्होंने कहा कि यदि दुष्कर्म के आरोपी को तीन दिनों में गिरफ्तार नहीं किया जाता, तो यह पुलिस तंत्र की स्पष्ट विफलता और सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है. इसका परिणाम विभिन्न स्थानों पर सड़क जाम, विरोध प्रदर्शनों और बढ़ते जनाक्रोश के रूप में दिखाई दे रहा है. लेकिन सरकार मानो गहरी नींद में है, उन्होंने कहा. महिला सुरक्षा के मुद्दे पर मोहन यादव सरकार को गैर-जिम्मेदार, नाकाम और शर्मनाक बताते हुए पटवारी ने कहा कि मासूम बच्चियों की चीखें और परिवारों का दर्द भी सत्ता में बैठे लोगों को विचलित नहीं कर पा रहा है.

## पेज एक का शेष

# अभी न जाओ छोड़के ...

इस दौरान उन्हें वैंटिलेटर में रखा गया. 12 नवंबर को धर्मेंद्र को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया था और डॉक्टरों ने घर पर ही उनके आगे के इलाज की बात कही थी. धर्मेंद्र का करियर हिंदी सिनेमा में लगभग छह दशकों का रहा है. उन्हें बॉलीवुड का 'ही-मैन' कहा जाता था. उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से की थी. इसके बाद उन्होंने 'शोला और शबनम', 'अनपढ़', 'बंदिनी', 'पूजा के फूल', 'हकीकत', 'फूल और पत्थर', 'अनुपमा', 'खामोशी', 'प्यार ही प्यार', 'तुम हसीन मैं जवां', 'सीता और गीता', 'यादों की बारात' और 'शोले' जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया. धर्मेंद्र ने दमदार अभिनय के दम पर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई.

उन्होंने अपने करियर में कई पुरस्कार भी जीते. साल 2012 में उन्हें भारत सरकार के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया गया. इसके अलावा, उन्होंने कई फिल्मफेयर पुरस्कार भी अपने नाम किए. उन्होंने कई बार आलोचकों और दर्शकों की प्रशंसा भी हासिल की. उनके योगदान के कारण उन्हें बॉलीवुड के सबसे महान और प्रतिष्ठित अभिनेताओं में गिना जाता है.

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, महान अभिनेता धर्मेंदजी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है और भारतीय कला जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। सिनेमा में लगभग सात दशकों के उनके अद्वितीय योगदान को हमेशा सम्मान और मोहब्बत के साथ याद रखा जाएगा।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60